चिली के राष्ट्रपति द्वारा अपने सम्मान में आयोजित राजभोज पर

भारत के राष्ट्रपति, श्री राम नाथ कोविन्द का सम्बोधन

सेंतियागो, 1 अप्रैल, 2019

1. कल मुझे आपके सुंदर देश की झलक पाने और सेंतियागो की सच्ची बहुसांस्कृतिक भावना का अनुभव करने का अवसर मिला। मैंने 'प्लाज़ा दे ला इंडिया' में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस वर्ष, हम उनकी 150वीं जयंती मना रहे हैं। उन्हें इस शहर के बीचों-बीच स्थान देने के लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। सर्वकालिक महान कवियों में से एक, हमारे प्रिय कवि पाब्लो नेरुदा को आदरांजलि अर्पित करने का भी अवसर मुझे प्राप्त हुआ।

2. इन दोनों महापुरुषों के बीच एक विशेष संबंध है। दोनों को ही फाउंटेन पेन पसंद था। और मैं पाब्लो नेरुदा स्मारक के लिए एक बहुत ही खास फाउंटेन पेन लाया हूँ; यह पेन उस परिवार के द्वारा बनाया गया है जिसे महात्मा गांधी ने भारत में पहला स्वदेशी फाउंटेन पेन विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया था। उस फाउंटेन पेन को अब सेंटियागो में पाब्लो नेरुदा संग्रहालय में प्रदर्शन के लिए रखा गया है। हमें उम्मीद है कि यह विशेष जुड़ाव अपनी कहानी लिखता रहेगा।

3. आज, हमारे बीच बहुत व्यापक और लाभप्रद विचार-विमर्श हुआ है जो हमारे संबंधों को में नया जोश जगाएगा। हमारा द्विपक्षीय एजेंडा बहुत व्यापक है। ऊर्जा से लेकर सुरक्षा और योग से लेकर अंतरिक्ष तक, हमारे पास साथ मिलकर करने योग्य बहुत काम है।

4. मैं कामना करता हूँ कि हमारी गर्मजोशी और पारस्परिक रूप से लाभप्रद मित्रता हमारे दोनों देशों के लोगों की प्रगति के साथ मिलकर आगे बढ़ती और समृद्ध होती रहे।

5. देवियो और सज्जनो, इन्हीं आशावादी विचारों के साथ, मैं आप सभी से अनुरोध करता हूं कि हम सब मिलकर:-

- राष्ट्रपति पिनेरा के अच्छे स्वास्थ्य और खुशहाली की;
- चिली के मैत्रीपूर्ण लोगों की शान्ति और समृद्धि की;
- तथा भारत और चिली के बीच चिर-स्थायी मैत्री की कामना करें।

जय हिंद, विवा चिली!